# उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून की सम्पन्न हुई परीक्षा समिति की उन्नीसवीं बैठक दिनांक 06.12.2019 का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित थे:—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो०** नरेन्द्र एस० चौधरी, कुलपति। | — अध्यक्ष |
| 2. | **निदेशक,** इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, टनकपुर। | — सदस्य |
| 3. | **निदेशक,** एस०आई०एच०एम० एण्ड सी०टी०, टिहरी। | — सदस्य |
| 4. | **निदेशक,** आम्रपाली इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, हल्द्वानी। | — सदस्य |
| 5. | **निदेशक,** जी०बी०पी०आई०ई०टी० घुड़दौड़ी, पौड़ी गढ़वाल। | — सदस्य |
| 6. | **निदेशक,** शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, देहरादून। | — सदस्य |
| 7. | **डॉ० सत्येन्द्र सिंह,** बी.टी.के.आई.टी., द्वाराहाट | — सदस्य |
| 8. | **डॉ० मुकेश पाण्डेय,**संयुक्त सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा एवं प्रशिक्षण अनुसंधान प्रकोष्ठ, देहरादून। | — आमंत्रित |
| 9. | **श्रीमती कविता नबियाल,** वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय। | — आमंत्रित |
| 10. | **आर.पी. गुप्ता,** अपर निदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून। | — आमंत्रित |
| 11. | **डॉ० अलकनन्दा अशोक,** परीक्षा नियंत्रक, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय। | — सदस्य सचिव |

बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व मा० कुलपति महोदय/अध्यक्ष परीक्षा समिति द्वारा समिति के सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया, जिसके उपरान्त बैठक प्रारम्भ की गयी।

## एजेण्डा बिन्दु–19(1)

परीक्षा समिति की अठारहवीं बैठक दिनांक 02.05.2019 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि।

**विनिश्चय :–** समिति की उन्नीसवीं बैठक में अठारहवीं बैठक दिनांक 02.05.2019 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गई।

## एजेण्डा बिन्दु –19(2)

विश्वविद्यालय द्वारा दिसम्बर 2019 के तृतीय/चतुर्थ सप्ताह से प्रस्तावित विभिन्न पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय–सारणी 'परीक्षा समिति' के अनुमोदन की प्रत्याशा में कुलपति महोदय की सहमति से वेबसाइट के माध्यम से प्रकाशित कराये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक या उनके द्वारा नामित सदस्य को अधिकृत किये जाने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**विनिश्चयः–** समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं उक्त कार्य हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया। बैठक में परीक्षा नियंत्रक द्वारा अवगत कराया गया कि परीक्षाओं हेतु उत्तरपुस्तिकाएं अभी उपलब्ध नहीं हो पायी हैं। अतः उक्त के क्रम में वस्तुस्थिति के आधार पर परीक्षाओं को आगे शिफ्ट करने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

## एजेण्डा बिन्दु –19(3)

विश्वविद्यालय की दिसम्बर 2019 के तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर मुख्य परीक्षाओं के साथ ही विषम–सेमेस्टर की बैक परीक्षाओं के संचालन/सम्पादन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध संस्थानों को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के लिए मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने हेतु परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**विनिश्चयः–** समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं उक्त कार्य हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया। विगत सेमेस्टर में सम्पादित परीक्षा में पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर समिति द्वारा परीक्षा नियंत्रक को संलग्नानुसार परीक्षा केन्द्र बनाने हेतु अधिकृत किया गया।
(संलग्न केन्द्रों की सूची)

## एजेण्डा बिन्दु –19(4)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित विषम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के साथ ही उडनदस्ते के संयोजक/सदस्यों, परीक्षा सहायकों/समन्वयकों की नियुक्ति के लिए मा० कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः— कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जायेगा। इसके अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा सम्बन्धी अन्य किसी कार्य को आवश्यकता अनुरूप सम्पादित कराने हेतु पॉलीटेक्निक स्टॉफ एवं अन्य बाहरी अनुभवी कार्मिकों/अधिकारियों को नामित करने हेतु अधिकृत किया गया एवं उनका भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दरों पर नियमानुसार किया जायेगा। साथ ही समिति द्वारा परीक्षाएं सम्पादित कराने हेतु पर्यवेक्षक/उड़नदस्ते के लिए यथा–आवश्यक वाहन किराये पर लेने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

<u>एजेण्डा बिन्दु –19(5)</u>

दिसम्बर 2019 के तृतीय सप्ताह से प्रस्तावित विषम सेमेस्टर की मुख्य एवं बैक परीक्षाओं हेतु प्रश्नपत्र बनवाये जाने हैं, चूँकि यह कार्य गोपनीय प्रकृति है। अतः यह कार्य परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जाना है। उक्त कार्य में प्रश्न–पत्र निर्माता, समन्वयक के मेहनताना/मानदेय आदि पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार चर्चा व निर्णय हेतु प्रस्तुत।

विनिश्चयः— यह कार्य कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त परीक्षा नियंत्रक की देख–रेख में प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु प्रश्न–पत्रों के <u>निर्माण/प्रिंटिंग/मॉडरेशन</u>, आदि कार्य कराये जाने पर सर्वसम्मति से समिति के सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय की परिनियमावली के बिन्दु संख्या 2.6–14 में निम्न व्यवस्था दी गयी है :–

**''परीक्षा नियंत्रक परीक्षा समिति के अनुमोदन से प्रश्नपत्र तैयार करने वालों, सारणीकारों, संयोजकों, अनुसीमकों, पर्यवेक्षकों और द्रुतगामी दलों आदि की नियुक्ति करेगा और परीक्षकों, प्रश्नपत्र निर्माकर्ताओं, अनुसीमकों तथा परीक्षा से सम्बन्धित गोपनीय प्रयोजनों के लिये आमंत्रित व्यक्तियों के यात्रा भत्ता और पारिश्रमिक के बिल के सम्बन्ध में नियंत्रक अधिकारी होगा''**

उक्त कार्य गोपनीय प्रकृति का है, अतः गोपनीयता को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा नियंत्रक को वित्तीय हस्तपुस्तिका में निर्धारित नियमानुसार तथा उक्त कार्य हेतु अन्य प्रतिष्ठानों में अपनाई जा रही प्रक्रिया के अनुसार व्यवस्था लागू करने हेतु परीक्षा नियंत्रक को मा० कुलपति के अनुमोदन से कार्य करने हेतु अधिकृत किया गया।

<u>एजेण्डा बिन्दु –19(6)</u>

दिसम्बर 2019 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन सम्बन्धी कार्य परीक्षा नियंत्रक द्वारा किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः— समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं मूल्यांकन सम्बन्धी कार्य परीक्षा नियंत्रक द्वारा किये जाने पर समिति द्वारा सहमति प्रदान की गयी। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि परीक्षा प्रारम्भ होने के एक सप्ताह बाद पूर्व सप्ताह में सम्पादित परीक्षाओं के नोडल केन्द्रों से उत्तरपुस्तिकाएं मंगाकर समान्तर रूप में कोडिंग/डिकोडिंग का कार्य भी सम्पादित किया जाय जिससे कि मूल्यांकन में होने वाले विलम्ब से बचा जा सके।

<u>एजेण्डा बिन्दु –19(7)</u>

दिसम्बर 2019 की विषम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाओं के साथ बी०टैक० पाठ्यक्रम की विषम बैक पेपर परीक्षाएं भी आयोजित की जानी प्रस्तावित हैं। चूंकि बी०टैक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष का पाठ्यक्रम बदला गया है जिस कारण विषम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षाएं आयोजित करने में 3 तरह के पेपर बनाने होंगे जिस कारण प्रश्न–पत्रों की संख्या व उनके Sets की संख्या अधिक होगी। इसके साथ साथ विषम सेमेस्टर की एम०टैक०, एम०फार्मा०, एम०बी०ए० (पार्ट टाइम) एम०बी०ए० (इंटीग्रेटेड) पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं भी आयोजित की जानी हैं। अतः बैक पेपर परीक्षाएं आयोजित किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व निर्णयार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः— समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं उक्त कार्य हेतु परीक्षा नियंत्रक का अधिकृत किया गया। इसके अतिरिक्त निदेशक आम्रपाली इंस्टीट्यूट, हल्द्वानी द्वारा अवगत कराया गया कि संबंधित प्रकरण में एम०सी०ए० पाठ्यक्रम छूट गया है। तदनुसार एम०सी०ए० पाठ्यक्रम की परीक्षाएं भी आयोजित कराने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

<u>एजेण्डा बिन्दु –19(8)</u>

दिसम्बर 2019 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरवाये जाने हैं जिसमें कि छात्रों की रंगीन फोटो अनिवार्य किये जाने के सम्बन्ध में परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः— समिति द्वारा चर्चा उपरान्त परीक्षा फार्म ऑनलाइन भरे जाने तथा रंगीन फोटो अनिवार्य किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –19(9)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनः मूल्यांकन सम्बन्धी प्रकरण परीक्षा परिणाम घोषित होने के 15 दिवस के भीतर छात्रों द्वारा आवेदन करना व एक माह के भीतर निस्तारण पर चर्चा।

विनिश्चयः— पुनः मूल्यांकन सम्बन्धी प्रकरणों पर निम्न सुझाव व निर्णय लिये गये :—

(अ) मूल परीक्षा परिणाम घोषित होते समय ही पुनः मूल्यांकन हेतु अन्तिम तिथि निर्धारित की जाय तथा इस सम्बन्ध में संस्थानों एवं छात्रों को अवगत करा दिया जाय एवं छात्रों को परीक्षा परिणाम घोषित होते ही 15 दिन के भीतर आवदेन पत्र देने हेतु निर्देशित किया जाय।

(ब) पुनः मूल्यांकन हेतु परीक्षा परिणाम प्रत्येक स्थिति में आवेदन पत्रों की प्राप्ति के एक माह में घोषित कर दिया जाय।

(स) उपरोक्त का कड़ाई से अनुपालन किया जाय।

एजेण्डा बिन्दु –19(10)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित विषम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाओं के परीक्षकों की नियुक्ति परीक्षा नियंत्रक द्वारा करने के लिए परीक्षा समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः— समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं उक्त कार्य करने हेतु परीक्षा नियंत्रक को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –19(11)

यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के केस परीक्षा समाप्त होने के एक माह बाद निस्तारण पर चर्चा।

विनिश्चय :— यू०एफ०एम० (अनुचित साधन प्रयोग) के विद्यार्थियों के प्रकरणों को परीक्षा समाप्त होने के एक माह में निस्तारण करने हेतु समिति द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

एजेण्डा बिन्दु –19(12)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नोडल केन्द्र बनाये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः— समिति द्वारा चर्चा उपरान्त **आम्रपाली इंस्टीट्यूट हल्द्वानी**, **कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रूड़की**, **दून इंस्टीट्यूट ऋषिकेश** एवं **विश्वविद्यालय मुख्यालय** को नोडल केन्द्र बनाये जाने पर सहमति प्रदान की गयी।

एजेण्डा बिन्दु –19(13)

विश्वविद्यालय की प्रस्तावित विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का विश्वविद्यालय परिसर में ही केन्द्रीयकृत मूल्यांकन कराये जाने तथा मूल्यांकन कार्य हेतु अनुभवी अध्यापक नियुक्त किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः— परीक्षा समिति द्वारा चर्चा उपरान्त विश्वविद्यालय परिसर, एवं महिला प्रौद्योगिकी संस्थान,देहरादून में मूल्यांकन कराये जाने की सहमति प्रदान की गयी। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, सुद्धोवाला में उक्त कार्य को करने हेतु सहमति दी गयी तथा मूल्यांकन केन्दों में इस संबंध में होने वाले विभिन्न व्ययों हेतु परीक्षा नियंत्रक को अधिकृत किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –19(14)

फार्मेसी कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया (PCI) के मानकानुसार वर्ष 2017 से बी०फार्मेसी पाठ्यक्रम में किसी विषय में उत्तीर्ण होने के लिए छात्र को आंतरिक मूल्यांकन सहित कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त होने पर ही छात्र को उत्तीर्ण एवं पात्र घोषित किया जायेगा। अतः फार्मेसी कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया (PCI) के उत्तीर्ण होने के सभी मानकों (Promotion and award of grades) एवं (Clause -16- Academic Progression for B.Pharm courses) को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध फार्मेसी पाठ्यक्रमों का संचालन करने वाले संस्थानों में वर्ष 2017 से लागू किये जाने हेतु परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः— परीक्षा समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं अतः फार्मेसी कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया (PCI) के उत्तीर्ण होने के सभी मानकों (Promotion and award of grades) एवं (Clause -16- Academic Progression for B.Pharm courses) को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध फार्मेसी पाठ्यक्रमों का संचालन करने वाले संस्थानों में **पूर्णतः लागू किये जाने** पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गयी। इस सम्बन्ध में पूर्व में भी दिनांक 05/11/2019 को सम्पन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि सभी संस्थाना उपरोक्त के सम्बन्ध में पुनः छात्र/छात्राओं को इस आशय से सूचित करेंगे कि सम्बन्धित नियमों का अनुपालन शैक्षिक सत्र 2018–19 से लागू किया जायेगा।

एजेण्डा बिन्दु –19(15)

फार्मेसी कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया (PCI) के मानकानुसार वर्ष 2017–18 बी०फार्मेसी एवं एम०फार्मेसी पाठ्यक्रमों की अंकतालिकाओं को Grading System (CGPA Pattern) से बनाया जाना है। अंकतालिकाओं के मुद्रण हेतु इन पाठ्यक्रमों के लिए नये पैर्टन से Software तैयार किया जाना है। अतः परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

विनिश्चयः— परीक्षा समिति द्वारा चर्चा की गयी तथा बी०फार्मेसी एवं एम०फार्मेसी पाठ्यक्रमों की अंकतालिकाओं को Grading System (CGPA Pattern) से बनाये जाने हेतु Software अतिशघ्र तैयार किये जाने पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गयी। सम्बन्धित Software में Grading System (CGPA Pattern) के साथ–साथ उपाधि धारण/उत्तीर्ण करने हेतु नियमानुसार निर्धारित अधिकतम समय–सीमा को समाहित किया जाय।

एजेण्डा बिन्दु –19(16)

विश्वविद्यालय की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरे जाने सम्बन्धी साफ्टवेयर को इस प्रकार विकसित किया जाये कि जिन छात्र/छात्राओं के **04 विषयों से अधिक में बैक** होने पर छात्र **ईयर बैक** के अन्तर्गत आयेंगे। अर्थात् **तृतीय वर्ष में प्रोन्नत होने के लिए प्रथम वर्ष में पूर्ण रूप से पास होना आवश्यक होगा तथा अन्तिम वर्ष में प्रोन्नत होने के लिए द्वितीय वर्ष में पूर्ण रूप से पास होना आवश्यक होगा।** अतः परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व निर्णय हेतु प्रस्तुत।

विनिश्चयः— इस सम्बन्ध में बैठक में परिचर्चा हुई कि परीक्षा सम्बन्धी कार्यों के निस्तारण हेतु जारी आर्डिनेन्स 2011 तथा तत्कालीन मा० कुलपति महोदय द्वारा जारी आदेश दिनांक 17/08/2011, विश्वविद्यालय आर्डिनेन्स 2018 एवं छात्रों के प्रोन्नत हेतु समय–समय पर जारी नियमों में एकरूपता नहीं है। अतः इस सम्बन्ध में समिति निम्नानुसार एक कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। यह कमेटी 01 माह के अन्दर अपनी सुस्पष्ट संस्तुति प्रस्तुत करेगी जिसके सदस्य निम्नवत् हैं:—

1. डॉ० एम०पी०एस० चौहान, जी०बी०पी०आई०ई०टी० घुड़दौड़ी, पौंड़ी, – अध्यक्ष।
2. निदेशक तुलाज इंस्टीट्यूट, देहरादून – सदस्य।
3. निदेशक, आई०टी० टनकपुर – सदस्य।
4. आर०पी० गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक, यू.टी.यू. देहरादून – सदस्य सचिव।

एजेण्डा बिन्दु –19(17)

विश्वविद्यालय की उपाधियां वर्ष 2017 पास आउट बैच तक छपी हैं। इसके पश्चात् वर्ष 2018 एवं वर्ष 2019 में पास आउट छात्रों की उपाधि मुद्रित की जानी हैं। साथ ही उपाधि में जालसाजी रोकने के लिए कुछ विशेषताएं भी जोड़ना उचित प्रतीत होता है जैसे अच्छी गुणवत्ता का कागज, छात्र/छात्रा की फोटो तथा वाटर–मार्क इत्यादि उपाधि पर हो। अतः परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व निर्णय हेतु प्रस्तुत।

विनिश्चयः— समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं वर्ष 2018 एवं वर्ष 2019 में पास आउट छात्रों की उपाधियों को उपरोक्त वर्णित विशेषताएं जैसे अच्छी गुणवत्ता का कागज, छात्र/छात्रा की फोटो तथा वाटर–मार्क इत्यादि को जोड़कर मुद्रित किये जाने की सहमति प्रदान की गयी। समिति द्वारा विश्वविद्यालय की उपाधियां समय से निर्गत न होने पर चर्चा की गयी तथा इस सम्बन्ध में समिति द्वारा उपरोक्तानुसार उपाधियों छपवाने हेतु रजिस्ट्रार कार्यालय को अतिशीघ्र कार्य सम्पादित करने हेतु अनुरोध किया गया।

एजेण्डा बिन्दु –19(18)

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में ग्रेस अंक प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व निर्णय हेतु प्रस्तुत।

विनिश्चयः— समिति द्वारा चर्चा उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के आर्डिनेन्सों के अनुसार ही ग्रेस अंक प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अनुमोदन प्रदान किया गया। एजेण्डा बिन्दु 19(16) के अनुसार गठित समिति को 01 माह में अपनी विस्तृत संस्तुति प्रस्तुत करने हेतु निर्णय लिया गया।

एजेण्डा बिन्दु –19(19)

कुछ छात्र जिनकी पाठ्यक्रम पूर्ण करने की समयावधि समाप्त हो चुकी है उनके द्वारा बैक पेपर परीक्षा देने हेतु प्रत्यावेदन किया गया है । अतः उक्त सम्बन्ध में परीक्षा समिति के सम्मुख चर्चा व निर्णय हेतु प्रस्तुत।

विनिश्चयः— समिति द्वारा चर्चा की गयी एवं यह निर्णय लिया गया कि जिन छात्रों की पाठ्यक्रम पूर्ण करने की समयावधि समाप्त हो चुकी है उनके द्वारा बैक पेपर परीक्षा देने हेतु प्रत्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अन्य बिन्दु—

मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

1. बैठक में अवगत कराया गया कि विभिन्न परीक्षा व्ययों के भुगतान समय से न होने पर परीक्षा सम्बन्धी कार्यों के सम्पादन हेतु अत्यधिक समस्याएं आ रही हैं एवं अन्य कार्मिकों द्वारा परीक्षा कार्यों के सम्पादन हेतु रूचि नहीं ली जा रही है। अतः इसके दृष्टिगत विश्वविद्यालय स्तर पर लम्बित परीक्षा व्ययों से सम्बन्धित बिलों (पेपर सेटिंग, मूल्यांकन एवं परीक्षा केन्द्रों पर हुए व्यय से सम्बन्धित) के भुगतान की कार्यवाही यथाशीघ्र किये जाने हेतु तत्काल एक 04 सदस्यीय कमेटी गठित की गयी जिसके सदस्य निम्नवत् हैं —
   1. डॉ० एम०पी०एस० चौहान, जी०बी०पी०आई०ई०टी० घुड़दौड़ी, पौड़ी, — अध्यक्ष।
   2. आर०पी० गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक, यू.टी.यू. देहरादून — सदस्य।
   3. श्रीमती कविता नबियाल, वित्त नियंत्रक, यू.टी.यू. देहरादून — सदस्य।
   4. डॉ० यशपाल नेगी, एस०आई०एच०एम० एण्ड सी०टी०, टिहरी — सदस्य।

   उक्त कमेटी नियमानुसार 01 माह में सम्बन्धित प्रकरण निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगी।

2. समिति के सदस्यों द्वारा सभी संस्थानों से मूल्यांकन हेतु समय—समय पर आवश्यकतानुसार अनुभवरी, योग्यता प्राप्त विषय—विशेषज्ञ भेजे जाने की बात कही गयी ताकि मूल्यांकन कार्य समय पर पूर्ण हो सके और परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित किया जा सके।

3. समिति के सदस्यों द्वारा परीक्षा सम्बन्धी अभिलेखों की बिडिंग हेतु एक कमेटी गठित की गयी। तद्नुसार कमेटी अन्य संस्थानों द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया/नियमों को अंगीकृत करने अथवा नये नियम बनाकर अपनी आख्या 01 माह के भीतर प्रस्तुत करेगी। कमेटी के सदस्य निम्नवत् हैं :—
   1. डॉ० मुकेश पाण्डेय संयुक्त सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा एवं प्रशिक्षण अनुसंधान प्रकोष्ठ, देहरादून — अध्यक्ष।
   2. निदेशक, शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, देहरादून — सदस्य।
   3. निदेशक, आम्रपाली इंस्टीट्यूट, हल्द्वानी — सदस्य।

4. परीक्षा समिति द्वारा प्रश्नपत्रों के Model Solution हेतु भी आवश्यक कार्य करने हेतु सुझाव दिये गये।

अन्त में अध्यक्ष महोदय ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की।

6/12/19

(मा० कुलपति)
अध्यक्ष

(परीक्षा नियंत्रक)
सदस्य — सचिव

**वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून**

कार्यालय पता :सुद्धोवाला, पो०ऑ० —चंदनवाड़ी (प्रेमनगर), चकराता रोड, देहरादून—248007,

**Website: www.uktech.ac.in**

पत्रांक: 2484/परीक्षा अनुभाग/यूटीयू/2019 दिनाँकः 17/12/2019

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निजी सचिव, कुलपति को मा० कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
3. वित्त नियंत्रक, वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून।
4. परीक्षा समिति के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचनार्थ।

(परीक्षा नियंत्रक)